भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 472**

दिनांक 04 फरवरी, 2021 को उत्तर के लिए

**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के लिए बजटीय आबंटन**

**472. श्री सतीश चंद्र दुबे:**

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के लिए कुल बजटीय आबंटन और व्यय का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि चालू वित्तीय वर्ष में बजटीय आबंटन को कम कर दिया गया है जिसकी वजह से चुनौतियां सामने आ रही हैं; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के लिए विज्ञापन पर खर्च की गई राशि का वर्ष-वार अनुपात क्या है?

**उत्तर**

**श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी** **महिला एवं बाल विकास मंत्री**

(क) : पिछले तीन वर्षों के दौरान स्कीम के तहत कुल बजटीय आबंटन और व्यय का विवरण निम्न प्रकार है:

**(करोड़ रुपये में)**

| **क्र.सं.** | वित्तीय वर्ष | **बजट अनुमान** | **संशोधित अनुमान** | **कुल निर्मुक्त राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2017-18 | 200 | 200 | 169.12 |
| 2 | 2018-19 | 280 | 280 | 244.92 |
| 3 | 2019-20 | 280 | 200 | 85.78 |

(ख) : चालू वित्तीय वर्ष के लिए बजटीय आबंटन 220 करोड़ रुपये है।

(ग) : पिछले तीन वर्षों के दौरान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा बीबीबीपी स्कीम के तहत मीडिया एडवोकेसी अभियान पर व्यय की गई राशि का वर्ष-वार अनुपात का विवरण निम्न प्रकार है:

| **क्र.सं.** | **वित्तीय वर्ष** | **आबंटित निधियां (राशि करोड़ में)** | **मंत्रालय द्वारा मीडिया एडवोकेसी अभियान पर व्यय (राशि करोड़ में)** | **आबंटित निधियों के सापेक्ष मीडिया एडवोकेसी अभियान पर** |
|---|---|---|---|---|

| | | | | व्यय का अनुपात |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2017-18 | 200 | 135.70 | 6.8/10 |
| 2 | 2018-19 | 280 | 160.13 | 4/7 |
| 3 | 2019-20 | 200 | 23.67 | 1.2/10 |

इसके अलावा स्कीम के दिशानिर्देशों के अनुसार बहु-क्षेत्रीय पहलों के लिए चिन्हित जिलों में मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से सामुदायिक आऊटरीच, एडवोकेसी और जागरूकता सृजन के लिए 50 लाख रूपये प्रति जिला प्रतिवर्ष निर्धारित किए गए हैं ।

*****